# *Delhi Public School, Howrah*

## HALF YEARLY EXAMINATION (2024-2025)

## CLASS VII

***Care must be taken not to write anything on the question paper. All the questions must be attempted in the correct sequence.***

**SUBJECT: HINDI 2ND LANGUAGE**

**समय - 3 घंटा** **कुल अंक - 80**

**सामान्य निर्देश -:**

1. **इस प्रश्नपत्र में 4 खंड हैं - खंड-क, खंड-ख, खंड-ग, खंड-घ।**
2. **दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
3. **लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए।**

**(खंड-क, अपठित गद्यांश)**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1X5=5)**

सदा गाते-गुनगुनाते रहिए। गाना नहीं आता, तो बाथरूम सिंगर ही बनिए। गुनगुनाना खिलखिलाकर हँसने के बराबर है। शरीर की तमाम माँसपेशियाँ खुलती हैं। तनाव दूर होता है। गज़ल फ़नकार जगजीत सिंह का कहना है- गीत-संगीत की ताल इनसान को ऐसी अलग-थलग दुनिया में तैराने लगती है, जहाँ भीतर धैर्य और निश्छलता का अहसास जागता है। गाने से दिमागी संतुलन बना रहता है और अस्थिर दिमाग को शांति मिलती है। अस्थिर दिमाग तो सदा कुछ न कुछ सोचता और किसी न किसी चिंता में डूबा रहता है। गाने से मुझे असीम आनंद, प्यार रोमांच और शांति मिलती है।

गाने-गुनगुनाने से इनसान के भीतर ऊर्जा का संचार होता है। रग-रग, रोम-रोम पुलकित होकर नाच उठता है। खामोशी और उदासी जीवन के मायने ही भंग कर देती है। जिंदगी खूबसूरत है, प्यारी है, जीने लायक है। गंभीरता आत्मा की बीमारी है। गंभीर व्यक्ति न गाते हैं, न नाचते हैं, न हँसते हैं। इनसान खुद की कैद में फँस जाता है। दिमागी बोझ हटेगा तो मन गा उठेगा। तय है कि इनसान तृप्त होगा, मस्त होगा, तभी गाएगा। इनसान का गीत-संगीत से गहरा नाता है। गीत-संगीत गाकर या सुनकर उदास मन भी खुश हो जाता है इसलिए चिकित्सा के तौर पर संगीत के इस्तेमाल की भी पहल हुई है। डॉक्टर तक गीत-संगीत से सेहत के फायदों को मानते हैं और रग-रग निखारने में राग के गुणों को स्वीकार करते हैं। ईश्वर की पूजा-आराधना में मंत्रों और आरतियों की भूमिका सदियों पुरानी है। स्कूली प्रार्थना सभाओं में भी देश-भक्ति के गीत गाए जाते हैं। फ़ेंगशुई भी सुर ताल पैदा करनेवाले वाद्य यंत्रों को अत्यंत उपयोगी मानता है, क्योंकि इनसे जड़ वस्तु में भी चेतना जगाई जा सकती है। रोज सुबह या शाम गाने गुनगुनाने से अहंकार और स्वार्थ की भावना दूर भागती है और आध्यात्मिक संसार से जुड़ाव

बढ़ता है। गीत गाने से प्यार, खुशी और कृतज्ञता पनपती है। जब-जब दिल से गाएँगे, अहंकार खुद-ब-खुद गायब हो जाएगा। अहंकार भगाने का हँसने-गाने से बेहतर तरीका कोई और नहीं है।

**(क) 'बाथरूम सिंगर' का क्या अर्थ है**?

**(ख) जगजीत सिंह के अनुसार जीवन में गीत-संगीत का क्या महत्व है?**

**(ग) पूजा-आराधना, मंत्रों और आरतियों में संगीत को महत्व क्यों दिया जाता है?**

**(घ) दिल से गाने के क्या लाभ हैं?**

**(ङ) 'अत्यंत' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?**

**प्रश्न 2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1X5=5**

"छोटा था, पर सुखकर था वह तरुवर का मेरा आवास
उसमें ही मिलता था मुझको, जग के सभी सुखों का भास।
अरुणोदय होते ही उठकर, रवि का करता था स्वागत
उसे जगाता था जो सोया हो तरु के नीचे अभ्यागत।
कैसा सुखमय वह जीवन था, जब मैं रहता था स्वाधीन
नहीं जानता था होते हैं कैसे जग में जीव मलीन
हुआ हाय! पिंजड़े में पड़कर कैसा भीषण परिवर्तन
हा दुर्दैव! लुटा दुखिया का, स्वतंत्रता-सा प्राणधन।"

**(क) पक्षी पेड़ के आवास को सुखकर क्यों मानता है?**

(i) उसे पेड़ पर रहना पसंद था
(ii) वहाँ-वह आजादी से रहता था
(iii) वह आवास उसका अपना था
(iv) वहाँ उसे सारे सुख थे।

**(ख) सूर्य उगते ही पक्षी सर्वप्रथम क्या करता था?**

(i) मीठे स्वर में गाता था
(ii) पेड़ के नीचे सोए अतिथि को जगाता था
(iii) सूर्य का स्वागत करता था
(iv) दाना चुगने उड़ जाता था

**(ग) पक्षी के जीवन में परिवर्तन कब आया?**

(i) जब किसी ने उसे पकड़ कर पिंजरे में डाल दिया।
(ii) किसी ने उसका आवास नष्ट कर दिया
(iii) किसी ने पेड़ को काट डाला
(iv) किसी ने उसके पर काट दिए

**(घ) उसके जीवन में क्या परिवर्तन आया?**

(i) उसका सब कुछ लुट गया
(ii) प्राणों से प्यारी उसकी स्वतंत्रता छीन गई

(iii) उसकी खुशी समाप्त हो गई।

(iv) वह बेघर हो गया

**(ङ) 'पेड़' का समानार्थी नहीं है।**

(i) तरु (ii) तरुवर

(iii) पल्लव (iv) विटप

**(खंड-ख, व्याकरण)**

**प्रश्न 3. निर्देशानुसार संधि पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

**(क) सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए।** **1X3=3**

| सूची **I** | सूची **II** |
|---|---|
| **A** परमेश्वर | **1** दीर्घ संधि |
| **B** वाचनालय | **2** यण संधि |
| **C** स्वागत | **3** गुण संधि |

**कूट**

| | A | B | C | | A | B | C |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **(i)** | 2 | 3 | 1 | **(ii)** | 3 | 1 | 2 |
| **(iii)** | 3 | 2 | 1 | **(iv)** | 1 | 2 | 3 |

**(ख) 'विद्यार्थी' शब्द का सही संधि विच्छेद होगा-**

(i) विद् + यार्थी (**ii**) विद्य + अर्थी

(**iii**) विद्या + अर्थी (**iv**) विद्य + आर्थी

**(ग) महा** + **औषध** = '**महौषध**' **किस संधि का उदाहरण है**?

(**i**) दीर्घ संधि (**ii**) अयादि संधि

(**iii**) गुण संधि (**iv**) वृद्धि संधि

**प्रश्न 4. निम्नलिखित अव्यय (अविकारी शब्द) पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

**1x2=2**

(क) इनमें से कौन-सा अव्यय **संबंधबोधक** के अंतर्गत नहीं आता है?

(I) के मारे (II) और

(III) के साथ (IV) के ऊपर

(ख) इनमें से कौन-सा अव्यय **समुच्चयबोधक** नहीं है?

(I) परंतु (II) इसलिए

(III) जाना (IV) विकल्प (**I**) और (**II**)

**प्रश्न 5. रेखांकित क्रियाविशेषण शब्दों के भेदों के नाम लिखिए-** **0.5X4=2**

(क) कछुआ कभी-कभी चलता है।

(ख) निरुपम ध्यानपूर्वक पुस्तक पढ़ रहा है।

(ग) पानी ख़ूब पीया करो।

(घ) दाएँ-बाएँ देखकर ही सड़क पार करनी चाहिए।

**प्रश्न 6. निम्नलिखित वाक्य को संकेत के अनुसार बदलिए-** **0.5X2=1**

(क) हरी मेला देखेगा। **(संदिग्ध भूत)**

(ख) रोहन स्कूल से आ गया। **(अर्पूण वर्तमान)**

**प्रश्न 7. पूर्वकालिक क्रिया का प्रयोग करते हुए दो वाक्यों को एक वाक्य बनाइए।** **1X1=1**

(क) अभिषेक ने अपना काम पूरा किया। वह सो गया।

**प्रश्न 8. निम्न शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-** **1X2=2**

(क) लक्ष्मी

(ख) साधु

**प्रश्न 9. निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-** **1X2=2**

(क) (i) संक्षेप (ii) संकल्प

(ख) (i) सदाचार (ii) स्वजन

**प्रश्न (10) निर्देशानुसार उपसर्ग पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **1x2=2**

**(क) सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए।**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A 'परिक्रमा' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है | 1 प्र |
| B 'प्राध्यापक' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है ? | 2 परि |
| C ''प्रत्येक' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है ? | 3 प्रति |

**कूट**

| | A | B | C | | A | B | C |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (i) | 2 | 1 | 3 | (ii) | 3 | 1 | 2 |
| (iii) | 3 | 2 | 1 | (iv) | 1 | 2 | 3 |

**(ख) 'अत्याचार' शब्द में उपर्सग बताइए-**

(i) अव **(ii)** अत

**(iii)** उत **(iv)** अति

**(खंड-ग, पाठ्यपुस्तक)**

**प्रश्न 11. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 1X5=5**

“सरदी के दिन थे। रोहिणी स्नान करके मकान की छत पर चढ़कर आजानुलंबित केश-राशि सुखा रही थी। इस समय नीचे की गली में सुनाई पड़ा - “बच्चों को बहलानेवाला, मिठाईवाला।“ मिठाईवाले का स्वर उसके लिए परिचित था, झट से रोहिणी नीचे उतर आई। उस समय उसके पति मकान में नहीं थे। हाँ, उनकी वृद्धा दादी थीं। रोहिणी उनके निकट आकर बोली- “दादी, चुन्नू-मुन्नू के लिए मिठाई लेनी है। जरा कमरे में चलकर ठहराओ। मैं उधर कैसे जाऊँ, कोई आता न हो। ज़रा हटकर मैं भी चिक की ओट में बैठी रहूँगी।”

**सोपान- I अति लघु प्रश्न**

(क) मिठाईवाले का स्वर रोहिणी के लिए परिचित क्यों था?

(ख) मिठाईवाले को रोकने के लिए रोहिणी ने किसे कहा और क्यों?

(ग) सर्दियों के दिनों में आप किस तरह के क्रियाकलाप करना पसंद करते हैं?

**सोपान -II बहुविकल्पीय प्रश्न**

**(घ) 'रोहिणी चिक की ओट में बैठना चाहती थी, क्यों-**

(I) पर्दा प्रथा के कारण
(II) जाति प्रथा के कारण
(III) छुआछूत के कारण
(IV) दादी माँ के वहाँ होने के कारण

**(ङ) रोहिणी के बाल थे..........।**

(I) कंधे तक लंबे
(II) कमर तक लंबे
(III) बिल्कुल छोटे-छोटे
(IV) घुटनों तक लंबे

**प्रश्न 12. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1X5=5**

“अचानक-बोला मोर!
जैसे किसी ने आवाज दी-
‘सुनते हो’।
चिलम औंधी
धुआँ उठा-
सूरज डूबा
अँधेरा छा गया”।

**सोपान-I अति लघु प्रश्न**

(क) मोर की आवाज सुनकर कैसा लगा?

(ख) आवाज देने के बाद वातावरण में क्या-क्या परिवर्तन हुआ?

(ग) मोर की किन विशेषताओं के कारण उसे राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया है?

**सोपान-II बहुविकल्पीय प्रश्न**

**(घ) धुआँ उठने का कारण था।**

(i) आग जलना (ii) सूरज चमकना

(iii) रात होना (iv) चिलम उलट जाना

**(ङ) मोर ने आवाज दी होगी।**

(i) सूरज को (ii) किसान को

(iii) धुएँ को (iv) चिलम को

**प्रश्न 13. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित छह प्रश्नों में से किन्हीं <u>पाँच</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-35 शब्दों में लिखिए- 2X5=10**

(क) मिठाईवाले का हर बार अलग-अलग चीज़ें बेचने का उद्देश्य क्या था और वह महीनों बाद क्यों आता था?

(ख) मुरलीवाला बच्चों को कैसे संतुष्ट कर देता था?

(ग) 'दूसरों के लिए जीना ही वास्तविक जीवन है' कैसे? मिठाईवाला पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए।

(घ) लड़की को दुष्ट के हाथों से बचाने के लिए सभी पात्र क्या करते हैं? 'पापा खो गए' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ङ) लैटरबॉक्स ने लड़की के पिता को ढूँढने हेतु क्या किया?

(च) 'पापा खो गए' पाठ का संदेश अपने शब्दों में लिखें।

**प्रश्न 14. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित छह प्रश्नों में से किन्हीं <u>पाँच</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 2X5=10**

(क) अपनी बात के बारे में सोचकर पहली कठपुतली किस सोच में पड़ जाती है?

(ख) 'कठपुतली' कविता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है?

(ग) 'कठपुतली' कविता के माध्यम से कवि ने युवावर्ग को क्या संदेश देना चाहा है?

(घ) पहाड़ रूपी किसान की चिलम किसे कहा गया है और क्यों?

(ङ) अंधकार को किसके समान कहा गया है और क्यों?

(च) जाड़े की शाम का प्राकृतिक दृश्य का चित्रण अपने शब्दों में कीजिए।

**(बाल महाभारत कथा)**

**प्रश्न 15. निम्नलिखित छह प्रश्नों में से किन्हीं <u>पाँच</u> प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए-**

**2X5=10**

(क) द्रौपदी-स्वयंवर में कौन-कौन मुख्य प्रतिभागी थे? स्वयंवर तक द्रौपदी को कौन लाया?

(ख) राजसूय यज्ञ के विषय में युधिष्ठिर ने श्रीकृष्ण से क्या कहा?

(ग) युधिष्ठिर से बिना लड़ाई के जीत पाने का शकुनि ने दुर्योधन को क्या उपाय बताया?

(घ) द्रौपदी के पक्ष में विकर्ण के क्या तर्क थे?

(ङ) दुबारा चौसर के खेल में क्या शर्त रखी गई थी?

(च) सूर्य से प्राप्त अक्षयपात्र की क्या विशेषता थी?

**(खंड-घ, रचनात्मक लेखन)**

**प्रश्न 16. "स्वतंत्रता दिवस" पर विद्यालय में हो रहे कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।** **अथवा** **5X1=5**

**'अनुशासन का महत्त्व' बताते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए।**

**प्रश्न 17. श्री कृष्ण जनमाष्टमी के अवसर पर कृष्ण लीला पर नुक्कड़ नाटक आयोजन के संबंध में 30-40 शब्दों में एक संदेश लिखिए।** **5X1=5**

**प्रश्न 18. निम्नलिखित दो विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-** **5X1=5**

**(क) बिना विचारे जो करे सो पछताए**

**संकेत बिंदु**

- मानव मन चंचल
- विवेकपूर्ण कर्म से सफलता
- पशु से भिन्न
- पछतावा

**(ख) जब मैंने कंप्यूटर से टिकट खरीदा**

**संकेत बिंदु-**

- इंटरनेट का महत्व
- साइट खोलना, विवरण देना
- भुगतान विधि
- प्रिंट आउट